# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु०स० 5300 /2025 दिनाङ्क : 10 .12.2025

## कार्यालय-ज्ञाप

मानव सम्पदा पोर्टल पर समस्त कार्मिकों को कोड प्राप्त कराया जा चुका है। शासन द्वारा प्रत्येक बुधवार को पोर्टल के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की जा रही है तथा प्रगति आख्या मांगी जा रही है। उक्त पोर्टल पर समस्त कार्मिकों का डाटा अपलोड किया जा रहा है, जिसमें कार्मिकों की शैक्षिक योग्यता का विवरण पूरित करने के साथ ही सम्बन्धित प्रमाण-पत्र (मार्कशीट/प्रमाण-पत्र) तथा पैन कार्ड की प्रति अपलोड किया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त के सन्दर्भ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या कु०स० 5108/2025, दिनांक 03.12.2025 के माध्यम से समस्त अध्यापकों/अधिकारियों एवं कार्मिकों से अनुरोध है कि कृपया दो कार्यदिवसों में अपनी-अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण-पत्र (मार्कशीट/प्रमाण-पत्र) तथा पैन कार्ड की सुस्पष्ट छायाप्रति सामान्य प्रशासन अनुभाग में उपलब्ध कराने का निर्देश प्रदान किये गये थे। परन्तु अद्यतन कतिपय कार्मिकों द्वारा अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों (मार्कशीट/प्रमाण-पत्र) एवं पैन कार्ड की प्रति सामान्य प्रशासन अनुभाग में उपलब्ध नहीं करायी गई है। जिससे शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही बाधित होने के कारण कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

अतः पुनः समस्त अध्यापकों/अधिकारियों एवं कार्मिकों अंतिम को चेतावनी के साथ निर्देशित किया जाता है दो कार्यदिवसों में अपनी-अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण-पत्र (मार्कशीट/प्रमाण-पत्र) तथा पैन कार्ड की सुस्पष्ट छायाप्रति सामान्य प्रशासन अनुभाग में उपलब्ध करा दें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिकों के दिसम्बर माह के वेतन को रोकने की कार्यवही की जायेगी।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

10/12/2025

(राकेश कुमार)
आई.ए.एस.
कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. पुस्तकालयाध्यक्ष।
4. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
5. परीक्षा नियंत्रक।
6. विनयाधिकारी।
7. श्री मोहित मिश्र, सिस्टम एनालिस्ट को उक्त कार्यालय-ज्ञाप विश्वविद्यालय की वेब-साइट पर अपलोड कराने हेतु।
8. समस्त सहायक कुलसचिव।
9. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
10. समस्त अधीक्षकगण।
11. जनसम्पर्क अधिकारी
12. समस्त विभागानुभाग।
13. समस्त सूचना पट्ट।
14. सम्बद्ध पत्रावली।

10/12/2025

(राकेश कुमार)
आई.ए.एस.
कुलसचिव